हरिभूमि
सरगुजा- भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें

द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस

आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है

स्वर्ण शिखर

साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप



स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

प्रतापपुर। स्वर्गीय डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह की पुण्यस्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र सहित दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श, उपचार एवं आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद स्व. डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं चिकित्सकों ने उनके सेवा भाव, सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण को याद किया। स्वास्थ्य शिविर में करीब 13 चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान कीं। जिसमें डॉ. आरएस सिंह, डॉ. आनंद मोहन त्रिपाठी, डॉ. आदित्य राजवाड़े, डॉ. प्रसन्न त्रिपाठी, डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. प्रदीप पैकरा, डॉ. नरेश राजवाड़े, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. महंत लाल सोनवानी, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. प्रभात उपाध्याय, डॉ. स्वाति पटेल एवं डॉ. रितु नेताम शामिल रहे। शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार किया गया तथा जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही स्व.डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति में 150 जरूरतमंद वृद्धों को कंबल वितरित किए गए।

राजस्व कार्यों के अतिरिक्त भार के विरोध में कृषि अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

बलरामपुर/राजपुर। जिले में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को उनके मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त फसल गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन का कार्य सौंपे जाने का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अधिकारियों को अतिरिक्त राजस्व कार्यों से पृथक रखने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे डीसीएस/पीवी एप के माध्यम से फसल गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। इससे कृषि विभाग के मूल कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि फसल गिरदावरी मुख्य रूप से राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा किया जाने वाला कार्य है। पटवारियों के पास भौतिक नक्शे, खसरा विवरण, खेतों की भौगोलिक स्थिति, सीमांकन एवं बटांकन से संबंधित जानकारी उपलब्ध रहती है। संघ ने कहा कि कृषि अधिकारियों को राजस्व अभिलेखों और खेतों के सीमांकन संबंधी जानकारी का पूर्व अनुभव नहीं होने के कारण सही खसरे को चिन्हित कर फसल की जानकारी दर्ज करने में कठिनाई हो सकती है। इससे गिरदावरी कार्य की शुद्धता भी प्रभावित होने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार उनका मुख्य दायित्व कृषि योजनाओं का मैदानी क्रियान्वयन, किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और कृषि विस्तार सेवाएं उपलब्ध कराना है।

छत्तीसगढ़ में कृषि विकास एवं किसान कल्याण को मिली एक नई गति

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ में कृषि विकास एवं किसान कल्याण को एक नई गति और नया आयाम मिला है। छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं के हित को सर्वोपरि रखते हुए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 91.20 करोड़ तथा कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत 90.79 करोड़, कुल 181.99 करोड़ की द्वितीय मद की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। यह छत्तीसगढ़ के किसानों की मेहनत को नई ताकत और कृषि के विकास को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रदेश में कृषि से जुड़े विकास कार्यों को गति तथा किसानों तक योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान-केंद्रित विजन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से छत्तीसगढ़ का कृषि क्षेत्र निरंतर सशक्त हो रहा है।

कैरियर काउंसलिंग में 500 से अधिक विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

राजपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को सेंट जेवियर्स स्कूल के हॉल में विकासखंड स्तरीय कैरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 500 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण अग्रवाल, सीए मनीष अग्रवाल एवं अंकिता अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ, वन विभाग के प्रतिनिधि, निजी कोचिंग संचालक सावंत त्रिपाठी, पशु चिकित्सक डॉ. राम, अस्पताल के सीएमओ, थाना प्रभारी, अरुण सोनी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतरू राम नागदेव एवं बीपीओ मारियानुस एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, शासकीय सेवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं, रक्षा सेवाओं, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

आदिवासी छात्रावासों में सुविधाओं का टोटा

सूरजपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर सहित क्षेत्र के कई छात्रावासों में भारी अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के आदिवासी छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। छात्रावास में भारी अव्यवस्था का उस समय पता चला जब कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष शशि सिंह ने सूरजपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर सहित क्षेत्र के अनेक छात्रावासों का निरीक्षण किया। कांग्रेस के पदाधिकारियों व सदस्यों ने निरीक्षण उपरांत कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर छात्रावासों की व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

खास बात
- भवन जर्जर, पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं

जिले के दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को रहने साथ बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए जिला मुख्यालय के अलावा प्रेमनगर, रामानुजनगर सहित गई अन्य जगह आदिवासी छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में छात्राएं रहकर पढ़ाई करती है। छात्रावास में बच्चों को पर्याप्त सुविधा मिले इसके लिए शासन द्वारा हर वर्ष लाखों रूपए खर्च करती है। बावजूद इसके आज भी छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है और छात्रावास में बच्चों को जो सुविधा मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही और बच्चे मूलभूत के सुविधाओं से वंचित है। हाल ही में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह प्रेमनगर



छात्रावास का निरीक्षण करते कांग्रेस पदाधिकारी।

स्थित प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास तथा कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास के निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल और आवास से जुड़ी कई समस्याएं सामने आई है। शशि सिंह ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों की टीम गठित कर छात्रावासों की जांच कराई जाए। ज्ञापन में पेयजल, गुणवत्तापूर्ण भोजन, सैनिटरी पैड, भवन मरम्मत, विद्युत व्यवस्था, अतिरिक्त कमरों के निर्माण तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की गई है। शशि सिंह ने कहा कि आदिवासी छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। छात्रावासों में सुविधाओं की कमी से बच्चों को परेशानी हो रही है, इसलिए इन समस्याओं का तत्काल समाधान होना चाहिए।

बंद वाटर कूलर, पेयजल के लिए परेशानी

जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने बताया गया है कि प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास में वाटर कूलर चालू हालत में नहीं है और पेयजल की भारी कमी है। छात्रावास में भोजन व्यवस्था को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। कांग्रेस का आरोप है कि छात्राओं को दोपहर का भोजन नहीं दिया जा रहा है और नाश्ते के मेन्यू में भी कटौती की गई है। इसके अलावा भवन की छत से पानी रिसने, कमरों में सीलन, क्षमता के अनुरूप स्थान की कमी तथा आधुनिक पढ़ाई के लिए डिजिटल बोर्ड जैसी सुविधाओं के अभाव का भी उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड,नैपकिन की कमी और पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास में साबुन व तेल जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं होने की बात भी कही गई है।

50 की क्षमता, 200 बालिकाओं के रहने का दावा

कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास को लेकर ज्ञापन में गंभीर स्थिति का उल्लेख किया गया है। कांग्रेस के अनुसार, 50 सीटर छात्रावास में करीब 200 बालिकाओं के रहने की स्थिति है। भवन की जर्जर स्थिति में है और प्लास्टर उखड़कर गिरने और विद्युत वायरिंग में बार-बार शॉर्ट-सर्किट की समस्या का आरोप लगाया गया है। पेयजल की कमी और बार-बार बिजली कटौती के कारण छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। साथ ही खेलकूद के लिए मैदान की सुविधा नहीं होने और कमरों की कमी जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया है।



आईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण, परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को दिए इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा 29 व 30 सितंबर को सूरजपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र में परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षक दौरान आईजी द्वारा प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों के टर्नआउट का निरीक्षण किया। वेशभूषा उत्कृष्ट पाए जाने पर अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। डाग स्क्वायड का जायजा लेते हुए डाग मास्टर को डॉग के खानपान, ट्रेनिंग और समय-समय पर उपचार कराने के निर्देश दिए।

- रक्षित केन्द्र में ली गई परेड की सलामी, आर्म्स शाखा, स्टोर शाखा एवं मैग्जीन रूम का किया निरीक्षण

वार्षिक निरीक्षण दौरान आईजी ने शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर वाहन चालक आरक्षकों का समय-समय पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने, निर्धारित समय पर वाहनों का सर्विसिंग कराने, दुर्घटना से बचाव के लिए वाहनों में रेडियम लगाने और वाहन के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। शासकीय वाहनों की अद्यतन स्थिति, रख रखाव एवं लॉक बुक सहित उनके दस्तावेजों का विस्तृत अवलोकन किए। इस दौरान रिकॉर्ड संधारण को और बेहतर करने के निर्देश दिए। रक्षित केंद्र के स्टोर शाखा में रखे सामग्रियों के रख रखाव एवं सही समय पर जवानों को वितरण हेतु निर्देश दिए एवं अन्य उपयोगी उपकरणों का जायजा लेते हुए समय पर मरम्मत कराने एवं मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए। साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने तथा मैग्जीन रूम, एनडीपीएस का मालखाना का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी द्वारा रक्षित केन्द्र में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। पुलिस दरबार में आईजी दीपक कुमार झा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। दरबार के दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष रखा। आईजी ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी दीपक कुमार झा व पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने पुलिस लाईन में फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया।

श्राद्ध पक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



अम्बिकापुर। श्राद्ध पक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में सच्चिदानंद पाण्डेय, देवेन्द्रनाथ दुबे, प्रताप पाण्डेय, चंद्रभूषण मिश्रा, शशिकुमार साहू और डॉ.विजयप्रसाद शुक्ला के आतिथ्य एवं आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी की। कार्यक्रम के प्रारंभ में रामचरित मानस एवं बीडी लाल और एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। सच्चिदानंद पाण्डेय ने श्राद्ध पक्ष की महिमा बताया। काव्यगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने श्राद्ध पक्ष में आ गए, पितर हमारे पास, प्रकाश कश्यप ने श्रद्धा से सुमिरन करें, पितृ जनों को आज, मंशा शुक्ला ने जीते जी इतना कर देना, मत करना तर्पण मर जाने पर, आशा मिश्रा ने तुम्हारे लिए ही जीती हूं और तुम्हारे लिए ही मरती हूं, सीता तिवारी ने आज घर का वह सितारा दूर हमसे हो गया, डॉ.विजयप्रसाद शुक्ला ने सितारों से पूछो बसेरा कहा है, देववंश दुबे ने रंग कुछ जिंदगी में भरने दो, पं.चंद्रभूषण मिश्रा ने ढूंढता ही रहा चले जाने के बाद, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने तोड़ों ना पुष्प पौधों से, प्रदीप सोनी ने सड़क गायब, तालाब गायब, बांध गायब और कया करें गायब, चलो गायब-गायब खेले, अमित प्रेम की हो नया या पुराना यहां पर, कभी प्रेम बंधन नहीं तोड़ना चाहिए, अजय सागर ने जिंदगी में सुख है, दुख है, फूल और कांटे सनम, राजेश पाण्डेय अब्र ने उपवन में भी काशीवासी होते हैं, रामलाल विश्वकर्मा ने देख तसल्ली जिंदगी को, श्यामबिहारी पाण्डेय ने तेरा चेहरा मेरी जां खिला है, कृष्णकांत पाठक ने चूमकर हमने जब से उठा ली कलम, प्रताप पाण्डेय ने उलझनों और कश्मकश में उम्मीद की ढाल लिए बैठा हूं, देवेंद्रनाथ दुबे ने मन की मलिनता को मिटाते चलिए रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अजय सागर ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, प्रियंका तिवारी और अनिल त्रिपाठी उपस्थित थे।

कीटनाशक पीने से गंभीर व्यक्ति की गई जान

अम्बिकापुर। रामानुजनगर पतरापाली निवासी उदित नारायण दुबे आ. कमल प्रसाद (56 वर्ष) 29 सितंबर को द्वारिकापुर निवासी विन्दो लहार के यहां गया था। इसी दौरान अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। महिला उदित नारायण को रामानुजनगर अस्पताल में भर्ती कराया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उदित नारायण को रेफर कर दिया। परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण से कांग्रेस के आरोपों की सच्चाई सामने आई : भारत सिंह सिसोदिया

अम्बिकापुर। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने चुनाव आयोग द्वारा 26 सितंबर को जारी संयुक्त स्पष्टीकरण का स्वागत करते हुए कहा कि आयोग के स्पष्ट वक्तव्य से एसआईआर को लेकर कांग्रेस और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और आरोपों की वास्तविकता सामने आ गई है। कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन है विरोध प्रदर्शन कर जनता के बीच अपने शीर्ष नेताओं का अस्तित्व बचाना चाहती है। सिसोदिया ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों चुनाव आयुक्तों की बैठक के बाद आयोग ने स्पष्ट किया है कि देशभर में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से संबंधित प्रमुख निर्णय आयोग की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 24 जून 2025 को जारी एसआईआर आदेश तथा विभिन्न राज्यों के लिए जारी समय-सारणी भी सर्वसम्मति से स्वीकृत हुई थी। आयोग के अनुसार इस प्रक्रिया को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के 27 मई 2026 के आदेश का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट सेक्रेटरी को भेजा गया पत्र किसी नीतिगत निर्णय या आयोग के आईटी प्रभाग से संबंधित नहीं था, बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी की कार्यप्रणाली से जुड़ा प्रशासनिक विषय था। ऐसे मामले को एसआईआर से जोड़कर राजनीतिक भ्रम पैदा करना उचित नहीं है।



संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भ्रम फैला रही कांग्रेस : ओमप्रकाश

बलरामपुर। जिला मुख्यालय स्थित न्यू सर्किट हाउस में बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर चुनाव आयोग एवं संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की बैठक और उसके बाद जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य से कई मुद्दों पर स्थिति स्पष्ट हो गई है। जायसवाल ने विपक्ष पर राजनीतिक आरोपों के जरिए जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों चुनाव आयुक्तों की 26 सितंबर को हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में आयोग ने अपने निर्णयों को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। उनके अनुसार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन सहित आयोग के प्रमुख निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 24 जून के मूल आदेश से लेकर विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए निर्धारित समय-सारणी तक के

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा- चुनाव आयोग की स्पष्टता के बाद विपक्ष के आरोपों की वास्तविकता सामने आई



निर्णय आयोग की पूर्ण सहमति से लिए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक स्वार्थ के लिए चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय और अन्य संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा पर सवाल उठा रही है। जायसवाल ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जहां विपक्षी दलों की सरकार बनती है, वहां उन्हें चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी नजर नहीं आती, लेकिन जहां जनता उन्हें नकार देती है, वहां चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाने लगते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल मिश्रा, नपा अध्यक्ष लोधीराम एक्का, जितेंद्र श्रीवास्तव और जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव उपस्थित रहे।

गोपालपुर आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा के साथ लगा स्वास्थ्य शिविर

राजपुर। विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोपालपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक पैकरा ने आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ न्यौता भोज किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों की जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य और संतुलित पोषण उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ समाज में जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे जनकल्याणकारी प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव तैयार करते हैं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जिपं सदस्य, मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अमृता भगत, विभागीय कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, पालकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



नाम परिवर्तन सूचना

मैं दयाल लकड़ा आ. स्व. अलोईस लकड़ा, उम्र 67 वर्ष, पेशा सेवा निवृत्त आर्मी, स्थायी निवासी ग्राम-बिशुनपुर, वार्ड क्रमांक-48, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ. ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे डिस्चार्ज बुक/सेवा पुस्तिका में मेरी पत्नी का नाम एवं जन्मतिथि त्रुटिवश श्रीमती इबलिन रोजलिन एक्का (SMT. EBLEEN ROSELEEN EKKA) तथा जन्मतिथि दिनांक-20/08/1970 दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पत्नी का सही नाम-इबलिन रोज एक्का (EBLIN ROJ EKKA) है, तथा उसका सही जन्मतिथि दिनांक-28/10/1960 है। उक्त सही नाम एवं जन्मतिथि मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित व दर्ज है। अपने डिस्चार्ज बुक/सेवा पुस्तिका में अपनी पत्नी का सही नाम-इबलिन रोज एक्का (EBLIN ROJ EKKA) तथा सही जन्मतिथि दिनांक-28/10/1960 दर्ज व अंकित कराना चाहता हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
दयाल लकड़ा
आ. स्व. अलोईस लकड़ा
स्थायी निवासी ग्राम-बिशुनपुर, वार्ड क्रमांक-48, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ. ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क. / ब-121/2025-26

//ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. खालिक अंसारी आ. मो. मोईनुद्दीन अंसारी, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मुख्तार आम वास्ते साहेब हुसैन आ. मुनिब शेख, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सोनपुरकला स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 24/14, 25/1 रकबा क्रमशः 0.006, 0.004 हे. निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका समीना खातुन पति मो. खालिक अंसारी, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/10/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्याम कुमार पैंकरा माता सुखंती पैंकरा उम्र 45 वर्ष जाति कंवर निवासी ग्राम खडगांव पोस्ट प्रतापगढ तहसील मैनपाट थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरी पुत्र का आधार नम्बर 416941799360 मे नाम ऋषभ कुमार पैकरा (RISHABH KUMAR PAINKRA) आधार कार्ड मे अंकित हो गया है। जो कि गलत है। मेरी पुत्र का नया नाम सावन कुमार पैंकरा (SAWAN KUMAR PAINKRA) है जो की सही है जन्म प्रमाण पत्र के आधार से सुधार करवाना चाहता हुँ इसका जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन क्रमांक 500 यह है जो कि सही है। मेरी पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र मे सही है जो कि मै जन्म प्रमाण पत्र के आधार से सुधार कराना चाहता हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
श्याम कुमार पैंकरा
माता सुखंती पैंकरा
निवासी- ग्राम खडगांव पोस्ट प्रतापगढ तहसील मैनपाट थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग.

TOP IN SURGUJA









तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

3 मानसून थमते ही रेत की अवैध तस्करी ने पुनः पकड़ा जोर रोजाना दर्जनों वाहन पहुंच रहे संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर



खबर संक्षेप

आभार पोर्टल पर पेंशन प्रकरणों को कर्मचारी कोड से लिंक करना अनिवार्य

अम्बिकापुर। आभार पोर्टल में पूर्व के पेंशन प्रकरणों को लेकर जिला कोषालय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आभार लागू होने के पूर्व के ऐसे पेंशन प्रकरण, जिनमें पेंशनर के पीपीओ/एमआईआर नम्बर को संबंधित कर्मचारी कोड से लिंक नहीं किया गया है, उन्हें कर्मचारी कोड से लिंक करने की कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिए गए हैं। पेंशन प्रकरणों में जिन पीपीओ/एमआईआर नम्बर का कर्मचारी कोड से मैपिंग नहीं हुआ है, उन्हें कर्मचारी कोड से लिंक करने की सुविधा आभार पोर्टल के डीडीओ लॉगिन में उपलब्ध कराई गई है। संबंधित डीडीओ अपने लॉगिन में उपलब्ध प्रकरणों की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सभी प्रकरणों को कर्मचारी कोड से अनिवार्य रूप से लिंक कराने कहा गया है। निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं होने की स्थिति में आगामी माह के वेतन देयक को कोषालय द्वारा स्वीकार किया जाना संभव नहीं होगा।

दो दिनों से लापता किशोरी का कुएं में पड़ा मिला शव

बिश्रामपुर। दो दिन पूर्व लापता किशोरी का गुरुवार को कुएं में शव मिलने से दहशत व्याप्त है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम सुदामानगर निवासी 16 वर्षीय मृतिका खुशी पैकरा पिता सुबरन पैकरा गत दिनों 29 सितंबर से गायब थी। गुरुवार की सुबह जब मृतिका की दादी बाड़ी में स्थित कुएं में पानी भरने गई तब किशोरी का शव पानी के ऊपर देखा गया,मामले की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

धान की फसल बचाने खेत में लगाया था तार, दो बैटरियों से दिया जा रहा था करंट

24 वोल्ट के करंट से मादा हाथी शावक की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

उदयपुर वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी-2027 अलकापुरी करम कठरा जंगल में बुधवार रात करंट लगने से करीब चार वर्षीय मादा हाथी शावक की मौत हो गई। जंगल राष्ट्रीय राजमार्ग-130 से करीब 200 से 300 मीटर दूर है। शावक किसान के खेत में लगाए गए झटका तार की चपेट में आ गया। मामले में वन विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

खास बातें

- 27 हाथियों का दल नेशनल हाईवे के समीप डटा
- अभी तक सैकड़ो एकड़ फसल एवं दर्जनों मकानों को पहुचा चुके है नुकसान

वन विभाग के अनुसार अलकापुरी निवासी आशीष एक्का (28) और राजू एक्का (30) ने धान की फसल को हाथियों से बचाने के लिए खेत की बाड़ी के चारों ओर झटका तार लगाया था। तार में 12-12 वोल्ट की दो बैटरियों को जोड़कर कुल 24 वोल्ट का करंट प्रवाहित किया जा रहा था। रात करीब 3 बजे हाथियों का दल जंगल में पहुंचा। इसी दौरान मादा शावक धान की फसल खाने के लिए बाड़ी के पास पहुंची और उसका पैर व सूंड झटका तार में फंस गई। प्रयासों के बावजूद वह खुद को तार से नहीं छुड़ा सकी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



मृत हाथी शावक।



पोस्टमार्टम करते चिकित्सकों की टीम।

27 हाथियों का दल डटा

घटना के बाद क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। वर्तमान में उदयपुर वन क्षेत्र में 27 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें 14 हाथियों का एक दल, 12 हाथियों का दूसरा दल और एक अकेला लोनर हाथी शामिल है। शावक की मौत के बाद हाथियों के आक्रामक होने की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है। हाथियों का दल पिछले एक माह से अधिक समय से अलकापुरी, रामनगर, पूरा, बेलडाब, चकेरी, मानपुर, महेशपुर सायर, कुंडेवा और केदमा सहित आसपास के दर्जनों गांवों में विचरण कर रहा है। इस दौरान सैकड़ों किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है और कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

पांच डॉक्टरों ने किया पोस्टमार्टम

मादा हाथी शावक के शव का वन विभाग के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में पांच डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद विभाग ने अंतिम संस्कार कराया। वन विभाग ने हाथी विचरण क्षेत्र के किसानों से खेतों में करंट प्रवाहित झटका तार नहीं लगाने की अपील की है। विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे तार लगाए पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों से जंगल और हाथियों के आसपास नहीं जाने तथा जंगल के रास्तों से आवागमन के दौरान सावधानी बरतने कहा गया है। घटनास्थल पर वन मंडल अधिकारी लोकनाथ पटेल, एसडीओ सपना मुखर्जी, वन परिक्षेत्र अधिकारी फेकू चौबे सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

दो आरोपियों को किया गया है गिरफ्तार

सभी किसान हाथी विचरण वाले वन क्षेत्र में कोई भी करेंट प्रभावित, झटका तार न लगाए। साथ ही जंगल के रास्ते में आवागमन न करें। करेंट लगाए पाए गए तो वन विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है आगे की कार्रवाई चल रही है।

-फेकू चौबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी उदयपुर



अब स्कूलों में होगी ग्रैंड पैरेंट्स मीटिंग, नगर निगम की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बच्चों में दादा दादी और बुजुर्गों के प्रति सम्मान जगाने मगर निगम ने बड़ी पहल की है। अब शहर के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों में शिक्षा सत्र के अंत मे ग्रैंड पैरेंट मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। ग्रैंड पैरेंट्स मीटिंग को लेकर नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने घोषणा की है। बता दें कि गुरुवार को शहर के श्याम सदन में वृद्ध जन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।

- गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ने दिया सुझाव, वृद्ध जन दिवस पर महापौर ने की घोषणा

इस समारोह में प्रदेश केगृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने बुजुर्गों का सम्मान करने के साथ ही कहा कि समाज और परिवार में बुजुर्गों के अहमियत पर प्रकाश डाला। इस दौरान छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने सुझाव दिया कि आज के समय में बुजुर्गों के महत्व से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने और उनके प्रति सम्मान जगाने के लिए स्कूलों में जिस तरंग पैरेंट्स मीटिंग होती है उसी तरह ग्रैंड पैरेंट्स मीटिंग बीहि आयोजित की जानी चाहिए। गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री सिंहदेव के सुझाव पर सहमति जताते हुए ननि सभपति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कार्यक्रम के दौरान ही प्रस्ताव रखा। इसके बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय और निजी विद्यालयों में शिक्षा सत्र के अंतिम समय में ग्रैंड पैरेंट्स मीटिंग रखी जाएगी जिसके बच्चों की ओर से उनके दादा दादी शामिल होंगे। इससे बच्चों में अपने ग्रैंड पैरेंट्स को लेकर लगाव बढ़ेगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी के साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया जाएगा। बड़ी बात यह है कि वर्तमान समय मे जब परिवार सीमित होते जा रहे है और सामूहिक परिवार से अलग लोग सेपरेट जिंदगी बिता रहे है तो ऐसे में कहीं ना कहीं बच्चे दादा-दादी के प्यार से महरूम होते जा रहे है। इस पहल से ना सिर्फ बच्चों में अपने दादा-दादी बल्कि सामुहिक परिवार के प्रति स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान रविन्द्र गुप्त भारती के साथ ही अन्य मौजूद थे।



खबर संक्षेप

सितम्बर माह में 11 कोल कामगार ड्यूटी से हुए रिटायर

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदानों व कर्मशालाओं में पदस्थ 11 कोल अधिकारी व कर्मचारी बुधवार 30 सितंबर को कम्पनी ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त कामगारों के सम्मान में यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सभी को भावभीनी विदाई दी गई,सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मियों में डिप्टी मैनेजर माइनिंग सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव,ऑफिस सुप्रिटेंडेंट जयनंदन, सर्पोट मिस्त्री बागर राम,सीनियर डाटा एँट्री ऑपरेटर चंचल पॉल,सीनियर क्लर्क वी.के गुप्ता,टेंडल जमादार शिवशंकर साहू,पति राम जनरल असिस्टेंट,शोभित राम पंप ऑपरेटर,कामदेव सिंह फोरमैन इंचार्ज इलेक्ट्रिकल,सजल मित्रा केटेगरी 6 एवं वेल्डर रामलाल पटेल के नाम शामिल हैं।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण व स्वास्थ्य की दी गई जानकारी



मानीचौक। ग्राम पंचायत पोड़ी खास में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को पोषण, स्वस्थ खान-पान तथा बेहतर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रूप से गोद भराई कार्यक्रम कराया गया और उन्हें पोषण थैली दिया गया वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर माया तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूबाला सिंह, दीपा सिंह, लक्ष्मी सिंह, उप सरपंच सोनकुमारी,आरती दास, ममता देवांगन, पूनम, कंचन एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाया गया शिविर, हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड



सोनगरा। नगर पंचायत जरही में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसमस्या निवारण एवं जन सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े और सीएमओ दयाशंकर गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित शिविर में नागरिकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदन भरवाए गए। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी और शुगर की जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर के माध्यम से वार्ड वासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, तरंग मित्तल एवं मुकेश मिंज उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सरहरी में आंगन मिलन कार्यक्रम, 7 महिलाओं की गोद भराई



पोड़ीमोड़। ग्राम पंचायत सरहरी के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं ने पंचायत भवन में आंगन मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा सिंह ने गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी तथा समय-समय पर टीका लगवाने के लिए की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने खानपान में हरे साग भाजी का उपयोग हमेशा करना चाहिए जिससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होती है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को भी बताया जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदना योजना सुकन्या समृद्धि योजना शामिल है। ग्रामीण स्तर पर निरंतर सेवा सेवा देने के उपलक्ष में कार्यकर्ताओं सहायिका एवं मितानिन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नंदा यादव, प्रेमचंद कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, राम शरण कुशवाहा, शिवचरण सोनपाकर,श्रीमती राधिका नापित, मानकुंवर सिंह, कांति कुशवाहा, रुक्मणी कुशवाहा, लता कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

संयुक्त दल ने राजापुर के चट्टान घाट से चार वाहनों को पकड़ा

मानसून थमते ही रेत की अवैध तस्करी ने पुनः पकड़ा जोर रोजाना दर्जनों वाहन पहुंच रहे संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर



जब्त टीपर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मानसून की रवानगी के साथ जिले में रेत के अवैध कारोबार ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। जिले के विभिन्न रेत घाटों से रोजाना बड़ी संख्या में मिनी ट्रकों के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर भेजे जाने की बात सामने आ रही है, वहीं कार्रवाई के नाम पर खनिज विभाग और जिला स्तरीय टास्क फोर्स की टीम लगातार वाहनों की धरपकड़ कर रही है।

खास बात

- जयनगर पुलिस के किया गया सुपुर्द

सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने सूरजपुर विकासखंड के राजापुर स्थित चट्टान घाट में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत परिवहन में लगे चार वाहनों को पकड़ा है,सभी वाहनों को जयनगर पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।खनिज विभाग के अनुसार जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है,जांच के दौरान पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी, ईंट, रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर मशीनरी और वाहनों को नियमानुसार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। साथ ही संबंधितों से अर्थदंड की वसूली भी की जा रही है।

बारिश के मौसम में अवैध उत्खनन में आई थी कमी

स्थानीय स्तर पर रेत के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार कुछ वर्ष पहले तक जिले में करीब 60 से 70 वाहनों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किए जाने की खबर थी, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 200 से अधिक वाहनों तक पहुंचने की बात कही जा रही है। मानसून के दौरान रेत का अवैध कारोबार कुछ हद तक ही जारी रह पाया, नदी-नालों में पानी का जलस्तर अधिक होने के कारण इसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कम थी।वर्तमान में पिछले चार-पांच दिनों से बारिश थमने और नदी-नालों का जलस्तर घटने के बाद रेत उत्खनन और परिवहन ने फिर से तेजी पकड़ ली है, प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह होते ही विभिन्न घाटों पर वाहनों की कतार लग जाती है और दिनभर रेत की खुदाई एवं परिवहन का सिलसिला चलता है।

कई घाटों पर अवैध परिवहन का का चल रहा कारोबार

बिश्रामपुर थाना क्षेत्र का कुरवाँ रेत घाट, जयनगर थाना क्षेत्र के राजापुर और कांसापारा तथा करंजी चौकी क्षेत्र का रुनियाडीह सहित कई स्थानों पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वाहन रेत लेकर अंबिकापुर की ओर जाने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बड़े पैमाने पर चल रहे इस कारोबार की तुलना में कार्रवाई का दायरा काफ़ी सीमित है,उनका कहना है कि यदि विभाग नियमित रूप से सभी प्रमुख घाटों और परिवहन मार्गों पर निगरानी बढ़ाए तो अवैध उत्खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। वहीं खनिज विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

अवैध रेत एवं गिट्टी परिवहन करते 4 वाहन जब्त

अम्बिकापुर। शासन के सख्त निर्देश के बावजूद रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है। वर्तमान में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद दबंग धड़ल्ले से नदी-नालों से अवैध तरीके से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। क्षेत्र में बिना पिट पास के गिट्टी का भी परिवहन किया जा रहा है। खनिज विभाग की टीम ने बुधवार को शहर से सटे अलग-अलग मार्गों पर अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई की। खनिज विभाग की टीम ने खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की तो तीन टीपर बिना पिट पास रेत परिवहन करते वहीं एक टीपर अवैध गिट्टी परिवहन करते पाया गया। टीम ने खनिज नियमों के तहत अवैध परिवहन में शामिल चारों वाहनों को जब्त किया है।
इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन के मामले में विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले एक सप्ताह में अवैध खनिज परिवहन के मामले में एक दर्जन से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है।



पीएम श्री स्कूल महूली में एक साल से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत महूली स्थित पीएम श्री प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पिछले एक साल से पेयजल की समस्या है। स्कूल परिसर में पानी की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को दूर जाकर पानी पीना पड़ता है। वहीं पानी के अभाव में शौचालय का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है।

- शौचालय का उपयोग बंद

स्कूल से कुछ दूरी पर आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे सोलर ड्यूल पंप लगा है। इस पंप से पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए कई बार प्रयास किया गया लेकिन पाइप बार-बार टूट जाने के कारण व्यवस्था सफल नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि पंप से ग्रामीण भी पानी लेते हैं और वहां पानी की उपलब्धता भी सीमित है। बार-बार मरम्मत एवं व्यवस्था पर राशि खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। पानी और शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को शौच के लिए स्कूल परिसर से दूर जंगल की ओर जाना पड़ता है। ग्राम महूली गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से लगा हुआ है, जहां जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बच्चों के सामने जहरीले कीड़े-मकोड़ों अथवा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल परिसर में ही स्थायी पेयजल व्यवस्था की मांग की है। समस्या को लेकर पीएम श्री स्कूल समिति के अध्यक्ष रामचंद्र जायसवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर समस्या से अवगत करा स्कूल परिसर में तत्काल नया बोरवेल एवं क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पंप एवं पानी की टंकी लगाने की मांग की है।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोतीलाल राजवाड़े ने बताया कि स्कूल में पेयजल समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे लगे सोलर ड्यूल पंप में पानी की कमी है। स्कूल तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन पाइप बार-बार टूटने के कारण व्यवस्था नहीं बन पाई है। जल्द ही स्कूल में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग सम्मेलन में गूंजी सरगुजिहा और कुड़ुख की मिठास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

माटी के भाखा मा हृदय के स्पंदन बसे रहिथे इसी चेतना के साथ बेमेतरा में संपन्न हुए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के 10वें प्रांतीय सम्मेलन में सरगुजा अंचल की साहित्यिक और भाषाई समृद्धि का डंका बजा। 26-27 सितंबर को आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में जहां पूरे प्रदेश से 500 से अधिक भाषाविद् और साहित्यकार जुटे, वहीं सरगुजा के साहित्यकारों को मिले सम्मान और अंचल की बोलियों पर हुए विमर्श ने प्रांतीय पटल पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

- बेमेतरा में सरगुजा के साहित्यकारों ने छोड़ी छाप

सम्मेलन का उद्घाटन सत्र सरगुजा अंचल के लिए विशेष गौरव का क्षण लेकर आया। मंच पर वरिष्ठ साहित्यकार श्याम कश्यप बेचैन और भोला प्रसाद मिश्र अनाम को मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र की उपस्थिति में राज्य स्तरीय साहित्यिक सम्मान से अलंकृत किया गया। आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी विजन का ही परिणाम है कि आज सरगुजिहा, कुड़ुख और हल्बी जैसी आंचलिक बोलियों को प्रांतीय स्तर पर इतना मजबूत मंच मिल रहा है। छत्तीसगढ़ी साहित्य और संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ अंचल की सभी क्षेत्रीय बोलियों को एक सूत्र में पिरोने और उन्हें उचित सम्मान दिलाने का प्रभात मिश्र का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय रहा। विशेष रूप से श्याम कश्यप बेचैन का यह सम्मान सरगुजा के साहित्यिक अवदानों की एक बड़ी स्वीकृति है। श्याम कश्यप इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर पर कई बार सम्मानित होते रहे हैं। उन्होंने देश भर के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी मर्मस्पर्शी ग़ज़लों और गीतों के शानदार काव्य-पाठ से सरगुजा का नाम रोशन किया है। प्रादेशिक बोलियों और आंचलिक अभिव्यक्तियों पर केंद्रित छठवें सत्र में सरगुजा से पधारे साहित्यकार श्रीश मिश्र का व्याख्यान आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। सम्मेलन में भाषाई विविधता केवल सरगुजिहा तक सीमित नहीं रही। इसी सत्र में डॉ. ईशा बेला लकड़ा ने सरगुजा संभाग की प्रमुख जनजातीय भाषा कुड़ुख पर अपना विशेष वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस दौरान सरगुजा अंचल की अन्य समृद्ध जनजातीय एवं लोक बोलियों जैसे कोरवा, पंडो, नगेसिया और सादरी के संरक्षण और संवर्धन का संदेश भी गूंजा। सरगुजावासियों के लिए यह 10वाँ प्रांतीय सम्मेलन एक ऐतिहासिक पल बन गया है, जहां न केवल अंचल के साहित्यकारों की लेखनी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, बल्कि सरगुजिहा, कुड़ुख, सादरी और कमार जैसी भाषाओं ने प्रांतीय विमर्श में अपनी एक मजबूत और अधिकारपूर्ण जगह बनाई है।



सेवा संकल्प अभियान में लगाया गया स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर, 40 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत के सभा कक्ष में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा और विचारों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव प्रताप सिंह, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, सुनील साहू एवं अशोक सिंह ने की। स्वास्थ्य शिविर में कुल 248 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 212 लैब जांच की गईं। टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 60 एक्स-रे किए गए। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया, जिसमें 37 पुरुषों एवं 3 महिलाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ठाकुर राजवाड़े ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित सहभागिता के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जनपद सभा कक्ष में आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक सरोकारों और जागरूकता से जुड़े संदेश दिए। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण में 5 तथा चित्रकला में 20 छात्राओं के नाम का चयन जिला कार्यालय भेजने के लिए किया गया जिसमें अंश दुबे, पिंटू राजवाड़े, आस्था यादव, अनामिका यादव, सृष्टि राजवाड़े तथा चित्रकला में पूजा पंडों, डीकलेश पैकरा, गुंजन, अंकिता गुप्ता, गुलाबी राजवाड़े, सिम्मी, सोनाली, लीलावती सहित अन्य छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान रमेश गुप्ता, सावन गोयल, अमन सिंह, विराट सिंह, हेम सिंह, नितिन तिवारी, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, अखंड सिंह, संदीप दुबे,प्रणय सिंह, अभिषेक गुप्ता, डॉ.राकेश सिंह, फूलसाय मराबी, दिनेश देवांगन,कंचन जायसवाल, पुष्पराज तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



शिक्षकों की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्रपुर को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संगठन मंत्री मणि प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ, लंबित एरियर्स और अवकाश प्रविष्टियों से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है।

ब्लॉक अध्यक्ष अंचल यादव ने बताया कि रामचंद्रपुर विकासखंड के शिक्षक लंबे समय से विभिन्न सेवा संबंधी कार्यों और लंबित भुगतानों को लेकर परेशान हैं। संगठन ने मांगों का समय-सीमा के भीतर पारदर्शी एवं न्यायसंगत निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से विकासखंड के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिका का संधारण कोष, लेखा एवं पेंशन शाखा अंबिकापुर से शीघ्र पूर्ण कराने, जीपीएफ पासबुक का नियमित संधारण एवं प्रविष्टि करने तथा पूर्व में कटौती की गई जीपीएफ की शेष राशि संबंधित शिक्षकों के एनपीएस खातों में तत्काल हस्तांतरित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा सीजी स्कूल पोर्टल पर शिक्षकों द्वारा लिए गए विभिन्न प्रकार के अवकाश की ऑनलाइन प्रविष्टियां अपडेट करने, लंबित एरियर्स की शेष राशि का शीघ्र भुगतान करने तथा जनगणना एवं चुनाव ड्यूटी में संलग्न शैक्षणिक कर्मचारियों को नियमानुसार विशेष अर्जित अवकाश स्वीकृत कर सेवा पुस्तिका में दर्ज करने की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री मणि प्रसाद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अंचल यादव, जिला संरक्षक देववंश यादव, मंटू ठाकुर, लक्ष्मी सोनी, रमन गुप्ता, अवधेश यादव, सुधीर यादव, सुखदेव यादव, विजय यादव, उदय शंकर शर्मा, मनमोहन यादव, सत्यप्रकाश रवि, अजय गुप्ता, चन्द्रदीप यादव, राजेश गुप्ता, निरंजन कुमार, मुल्तान आजाद, हृदय यादव, रीना जायसवाल, स्वाती तिर्की, शमीमुनिशा, इंद्रमणि गुप्ता, नीरु कश्यप, माइकेला लकड़ा, निर्मला जायसवाल, गीता सिंह, कृष्ण कुमार, सतीश यादव, दीनानाथ यादव, राकेश सिन्हा, नन्दलाल गुप्ता, लल्लू यादव, विद्यासागर यादव, विकल्प गुप्ता, फुलझावन सिंह, विजय नेटी, सत्यनारायण यादव एवं दिलीप नायक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

गागर नदी पुल की नींव ढलाई कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन

राजपुर। सेवा सेतु अभियान के तहत अंबिकापुर-राजपुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग एनएच-343 पर बहुप्रतीक्षित गागर नदी पुल के नीव ढलाई कार्य का गुरुवार को विधि-विधान से पूजन कर शुभारंभ किया गया। सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निर्माण स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई भी की गई। विधायक श्रीमती पैकरा ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर एनएच विभाग के निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों एवं कर्मचारियों से कार्य की प्रगति और तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पुल एवं सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप करते हुए तय समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायक ने कहा कि अंबिकापुर-राजपुर-रामानुजगंज मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण लाइफलाइन है। निर्माण कार्य के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए डायवर्सन मार्ग को व्यवस्थित रखने तथा धूल-मिट्टी से राहत के लिए नियमित पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने टायरिंग से पहले किए जा रहे डब्ल्यूबीएम कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही डब्ल्यूएमएम, डीबीएम और बीसी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुसार कराने तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने बारियों में चल रहे हैं निर्माण कार्यों का निरीक्षण की। इसके बाद परसागुड़ी में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गागर नदी के साथ गेउर एवं महान नदी पर भी पुल निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस दौरान प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, मुकेश गुप्ता, शुभम सोनी सहित एनएच विभाग के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के इंजीनियर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- समय-सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश





